	BURARI PUBLIC SCHOOL **A venture with U N I Q U E** **ASSIGNMENT -४ (२०२४-२५)** **कक्षा- सातवीं** **विषय- हिंदी**

समय:- १ घंटा **अंक– २०**

नाम...................................... अनुक्रमांक.................शिक्षक हस्ताक्षर................................

आवश्यक निर्देश :

- **सभी प्रश्नो को ध्यानपूर्वक पढ़िए ।**
- **सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

खंड- (क)

प्रश्न -1 नीचे दिये गए गद्यांश को पढ़ कर दिये गए प्रश्नों के उतर दीजिये। (5)

विद्यार्थी जीवन को मानव जीवन की रीढ़ की हड्डी कहें, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। विद्यार्थी काल में बालक में जो संस्कार पड़ जाते हैं, जीवन भर वही संस्कार अमिट रहते हैं। इसीलिए यही काल आधारशिला कहा गया है। यदि यह नींव दृढ़ बन जाती है तो जीवन सुदृढ़ और सुखी बन जाता है। यदि इस काल में बालक कष्ट सहन कर लेता है तो उसका स्वास्थ्य सुंदर बनता है। यदि मन लगाकर अध्ययन कर लेता है तो उसे ज्ञान मिलता है, उसका मानसिक विकास होता है। जिस वृक्ष को प्रारंभ से सुंदर सिंचन और खाद मिल जाती है, वह पुष्पित एवं पल्लवित होकर संसार को सौरभ देने लगता है। इसी प्रकार विद्यार्थी काल में जो बालक श्रम, अनुशासन, समय एवं नियमन के साँचे में ढल जाता है, वह आदर्श विद्यार्थी बनकर सभ्य नागरिक बन जाता है। सभ्य नागरिक के लिए जिन-जिन गुणों की आवश्यकता है, उन गुणों के लिए विद्यार्थी काल ही तो सुंदर पाठशाला है। यहाँ पर अपने साथियों के बीच रहकर वे सभी गुण आ जाने आवश्यक हैं, जिनकी कि विद्यार्थी को अपने जीवन में आवश्यकता होती है।

(1) जीवन की आधारशिला किस काल को कहा जाता है?
(2) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।
(3) मानव जीवन के लिए विद्यार्थी जीवन की महता स्पष्ट कीजिए।
(4) छोटे वृक्ष के पोषण का उल्लेख किस संदर्भ में किया गया है और क्यों?
(5) विद्यार्थी जीवन की तुलना पाठशाला से क्यों की गई है?

प्रश्न 2. सही विकल्प पर (√) का निशान लगाये - (2)

(क) जीवन का अंधकार कब समाप्त होगा ?

1. जब दीपक जलेगा ( ) 2. जब सुबह होगी ( )
3. जब भाईचारा और प्रेम बढ़ेगा ( )

(ख) वक्त बीतने के साथ मजदूर क्या बन गया ?

1. शिकारी ( ) 2. अमीर किसान ( ) 3. जुआरी ( ) 4 नामी रईस ( )

(ग) बाल्यकाल में टेरेसा को क्या कहा जाता था ?

1. मरियम ( ) 2. गौंजा ( ) 3. मैरी ( )

प्रश्न 3. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दो - **(4)**

(क) निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए -

(i) पाजी (ii) जीवंत (iii) ध्येय (iv) करुणा

(ख) दिये गए शब्दों के वर्ण-विच्छेद कीजिए-

(i) विश्वास (ii) संस्कृति

(ग) दिये गए शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -

(i) हवा (ii) सवेरा

(घ) दिये गए संज्ञा-शब्दों मे उचित प्रत्यय लगाकर विशेषण शब्द बनाइये -

(i) रूप (ii) इतिहास

प्रश्न 5. निमनलिखित प्रश्नों मे से दो के उत्तर दीजिए - **(2)**

(क) सेठ बने मज़दूर ने प्रभु से क्या प्रार्थना की ?

(ख) मदर टेरेसा का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(ग) समाज मे समानता लाने के लिए कौन-से कदम उठाने चाहिए ?

खंड-(ख)

प्रश्न 6. नीचे दिये वाक्यों को उचित काल से मिलाइए - **(2)**

(क) माँ ने खीर बनाई है।	संदिग्ध भूतकाल
(ख) शायद मैं मुंबई जाऊँ।	आसन्न भूतकाल
(ग) सोनम के पिता आ रहे हैं।	सामान्य वर्तमान काल
(घ) रवि खाना खाता है।	अपूर्ण वर्तमान काल

प्रश्न 7. इन शब्दों से नामधातु बनाइए। **(2)**

(क) बात ....

(ख) थप-थप ....

(ग) चक्कर ....

(घ) साठ ....

प्रश्न 8. परीक्षा की तैयारी के बारे में दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए - **(3)**